Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding request for Central Bureau of Investigation (CBI) inquiring into Liquor Tragedy in Bihar.

माननीय सभापति: श्री चिराग कुमार पासवान जी ।

श्री चिराग कुमार पासवान (जमुई): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं । सर, आज मैं भी आपके समक्ष अपने प्रदेश बिहार को बचाने की गुहार लेकर इस सदन में खड़ा हुआ हूं । एक के बाद एक जहरीली शराब से मेरे प्रदेश में हत्याओं की एक श्रृंखला शुरू हुई है और उसके बाद मुख्य मंत्री, राज्य सरकार और पूरा प्रशासन तंत्र इस घटना को दबाने का प्रयास कर रहा है ।... (व्यवधान) कल जिस तरीके से एबीपी न्यूज ने एक स्टिंग ऑपरेशन करके लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की भूमिका निभाई और यह दिखाया कि वहां पर सब को पता है कि किस तरीके से वहां पर शराब की बिक्री हो रही है ।... (व्यवधान) लेकिन तमाम महा गठबंधन के नेता खामोश हैं, क्योंकि वे भी इसमें लिप्त हैं । सर, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से स्वत: इसका संज्ञान लेते हुए बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करता हूं और तमाम हत्याओं की सीबीआई जांच कराने की भी मांग करता हूं ।... (व्यवधान)